>

Title: Need to set up higher educational institutes offering medical and technical courses in each district of Bihar.

श्री आलोक कुमार मेहता (समस्तीपुर): महोदय, बड़ी संख्या में बिहार के छात्र बिहार के बाहर तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाते हैं और वे बहुत अच्छा करते हैं। इससे एक तरफ बिहार का रेवेन्यू बड़ी मात्रा में बिहार से बाहर जाता है तो दूसरी तरफ हाल के दिनों में द्वेष और क्षेत्रवाद की कुत्सित भावना से ग्रसित लोगों द्वारा उन्हें अपमान और हिंसा का घूंट पीना पड़ रहा है। बिहार में सरकारी तकनीकी और व्यावसायिक संस्थानों की संख्या दो अंकों में भी नहीं है। विगत दिनों से कुछ प्राइवेट संस्थानों के खुलने की आहटें आ रही हैं, लेकिन बिहार के जो गरीब छात्र हैं जो इंजीनियरिंग, मैडिकल, डिप्लोमा, मैनेजमेंट करना चाहते हैं, उसके लिए इन संस्थानों में कोई अवसर नहीं दिख रहा है। [r10] ऐसी स्थिति में हम केन्द्र सरकार से मांग करते हैं कि बिहार में 10 इंजीनियरिंग कालेज, 10 मैडिकल कालेज, पाँच प्रबंधन शिक्षण संस्थान और बड़ी संख्या में पोलिटैक्निक और आईटीआई खोलने की व्यवस्था की जाए।